भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1466**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**केबल कार सुविधा**

1466. श्री अनिल यशवंत देसाई:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ट्रैफिक जाम की स्थिति के दौरान समय और ऊर्जा बचाने के लिए बड़े और सर्वाधिक जनसंख्या वाले शहरों में केबल कार सुविधाओं के उपयोग पर विचार करेगी क्योंकि मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता जैसे महानगरों में कुछ क्षेत्र हैं जहां ऐसी परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार घने जंगलों और जटिल क्षेत्रों को जोड़ने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ रोपवे सुविधाओं का उपयोग बढ़ाने के लिए अध्ययन करेगी और राज्य सरकारों का संबंधित मार्गदर्शन करेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार आम लोगों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही के लिए सबसे जटिल क्षेत्रों वाले देशों में उपयोग की जा रही ऐसी सुविधाओं का अध्ययन करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार ने पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक की संपर्कता को बेहतर बनाने के लिए रोपवे के विकास के लिए केंद्रीय बजट 2022-23 में राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम - पर्वतमाला परियोजना की घोषणा की है । रोपवे अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में पारंपरिक सड़कों के स्थान पर पारिस्थितिक रूप से संवहनीय विकल्प है। इसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा यात्रियों के लिए संपर्कता और सुविधा में सुधार करना है। इसमें भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों को भी शामिल किया जा सकता है, जहाँ पारंपरिक जन परिवहन प्रणाली व्यवहार्य नहीं है।

घने जंगलों, शहरी क्षेत्रों और दुर्गम इलाकों में रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए सरकार विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के साथ सहयोग कर रही है। निवेश संबंधी निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

*****